CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 179 □ रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### प्रियंका गांधी का केंद्र पर हमला, कहा- संसद में जो हो रहा वह अलोकतांत्रिक

**नई दिल्ली, 22 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि छात्रों की मांगें जायज हैं। वे अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में कुछ भी अलोकतांत्रिक नहीं है। वहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों और संसद में जो हो रहा है वह अलोकतांत्रिक है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, छात्रों का संघर्ष वास्तविक है और वे बदलाव की मांग कर रहे हैं। कागजात बार-बार लीक हो रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि छात्र जायज चिंताएं उठा रहे हैं। उन्होंने फंड के आवंटन पर सवाल उठाए हैं।

### 'समय बर्बाद न करें': सीजेपी प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई का मामला, तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, 22 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मार्च के दौरान छात्र प्रदर्शनकारियों पर कथित पुलिस कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। वकील नरेंद्र मिश्रा ने चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का जिक्र करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। इस पर सीजेआई ने कहा, हमारा समय बर्बाद मत कीजिए और अपना समय भी बर्बाद मत कीजिए।

## बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, ममता बेनर्जी कह रहीं हैं सारे चोर भाजपा में चल गए।

चुहिया- हां जी, इसका मतलब अभी तक ममता चोरों को पाल रहीं थीं।

# साय कैबिनेट की बैठक में विनियमन-मुक्ति और सुविधा विधेयक-2026 पारित

## छत्तीसगढ़ में उद्योग और निवेश के लिए एक नए युग का हुआ आरम्भ



**रायपुर, 22 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** देश में पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के द्वारा 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (विनियमन-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक 2026' का प्रारूप मंजूर किया है। प्रदेश की साय सरकार के इस फ़ैसले को एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल मानी जा रही है। यह निर्णय राज्य की आर्थिक संरचना को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होकर छत्तीसगढ़ को पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने वाला है।

इस विधेयक का मूल लक्ष्य व्यापार और उद्योग स्थापित करने में आने वाली जटिल प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और शीघ्रता से होने वाला बनाना है। लंबे समय से निवेशक जिन प्रशासनिक बाधाओं और विलम्ब की समस्याओं से जूझते रहे हैं उन्हें दूर करने के लिए लाया गया यह कानून एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आएगा।

**सरलता और पारदर्शिता है इस विधेयक का प्रमुख प्रावधान:** निवेशकों के लिए कारोबारी माहौल को पूरी तरह बदल देंने वाले कई प्रावधान इस विधेयक में शामिल किए गए हैं। जैसे डीम्ड परमिशन, इस प्रावधान में तय समय सीमा में अनुमति न मिलने पर स्वीकृति स्वत: मानी जाएगी। स्व-प्रमाणीकरण में उद्योगों को कई मामलों में स्वयं प्रमाणित करने की सुविधा मिलेगी। तृतीय-पक्ष सत्यापन इस प्रावधान में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र एजेंसियों की भूमिका होगी। जोखिम-आधारित निरीक्षण के प्रावधान में केवल आवश्यक मामलों में ही निरीक्षण किया जाएगा जिससे अनावश्यक हस्तक्षेप में कमी आएगी। एक प्रावधान के तहत दोहरे लाइसेंसिंग का अंत किया गया है जिसमें एक ही कार्य के लिए बार-बार लाइसेंस लेने की बाध्यता समाप्त की गई है। इन प्रावधानों से न केवल निवेश की प्रक्रियाओं में तेजी आएगी बल्कि इससे निवेशकों का भरोसा भी बढ़ेगा।

**औद्योगिक विकास को मिल रही नई दिशा:** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक छत्तीसगढ़ को औद्योगिक दृष्टि से एक नई ऊंचाई पर ले जाने में समर्थ है। नए उद्योग स्थापित करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रक्रियाएं आसान और स्पष्ट हों। इस व्यवस्था से जहां स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा वहीं बाहरी निवेशकों के लिए भी छत्तीसगढ़ आकर्षण का केंद्र बन रहा है। प्रदेश में मौजूद प्राकृतिक संसाधन, अकूत श्रमशक्ति और बेहतर भौगोलिक स्थिति ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक के साथ मिलकर विकास की गति को कई गुना बढ़ा सकते हैं।

### रोजगार सृजन से पैदा हो रही युवाओं के लिए नई उम्मीद

औद्योगिक विस्तार का सबसे बड़ा लाभ किसी भी प्रदेश को वृहद् रोजगार के रूप में मिलता है। नए उद्योगों की स्थापना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही प्रकार के रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।स्थानीय नए उद्योगों की स्थापना से युवाओं को अपने ही राज्य में काम करने का अवसर मिलेगा जिससे पलायन की समस्या में भी कमी आएगी।

### विनियमन-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक 2026

'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक 2026' छत्तीसगढ़ राज्य को एक निवेश-मैत्री और उद्योग-प्रधान प्रदेश के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है। उम्मीद की जा रही है इस विधेयक के प्रभावी क्रियान्वयन से आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल होगा और विकास की एक नई मिसाल भी कायम करेगा।

### संसद में पीएम मोदी से मिले शरद पवार और सुप्रिया सुले



**नई दिल्ली, 22 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद परिसर में मुलाकात की। इस मुलाकात को मौजूदा राजनीतिक हालात और छात्रों के मुद्दों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। इससे पहले शरद पवार और सुप्रिया सुले मंगलवार को जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। यह प्रदर्शन नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर हो रहा है। एनसीपी (एससीपी) ने इस मुद्दे पर छात्रों का समर्थन किया है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को भी समर्थन दिया है।

## धारदार हथियार से युवक के गले व अन्य हिस्से में वार कर की गई जघन्य हत्या, जांच मे जुटी पुलिस

### कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम नारी पुल के पास आज सुबह 9 बजे हुई हत्या

**धमतरी, 22 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** आज एक हत्या की वारदात हुई जिसमे कुछ अज्ञात हत्यारो द्वारा धारदार हथियार से एक व्यक्ति पर कई वार कर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम नारी पुल के पास आज सुबह 9 बजे एक युवक नीरज साहू पिता खुमान साहू 27 वर्ष निवासी कुंडेल के गले व शरीर के अन्य हिस्सों मे कई वार धारदार हथियार से किये गए हैं. प्रारम्भिक तौर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी कैंची से हमला किया गया हो पुलिया मे कैंची का रेपर भी मिलना बताया जा रहा है। हालांकि घटना स्थल से कोई औजार बरामद नहीं हुआ हैँ.साथ ही पुलिया पर कई जगह खून के धब्बे मिले हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच मे जुट गई है। शुरुवाती जाँच मे सामने आया है कि मृतक नीरज का गाँव के ही कुछ युवकों से विवाद था ऐसे मे इस एंगल की गंभीरता से जाँच की जा रही है। मृतक नीरज अपने पिकअप से गांव गांव जा कर चावल बेचने का काम करता था उसके साथ एक युवक हमाल व कर्मचारी के रूप मे काम करता था. बताया जा रहा हैँ की वह भी आज काम पर नहीं आया हैं ऐसे मे इस एंगल की भी पड़ताल की जा रही है। माना जा रहा है कि जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।



## रायपुर में थाने के पास खून से लथपथ मिली लाश, मौके पर पहुंची पुलिस




**रायपुर, 22 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** राजधानी में महिला थाना के पास बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब युवक की खून से लथपथ लाश मिली. मृतक की सिर पर चोट के निशान दिख रहे हैं, जो मामले को संदिग्ध बना रहे हैं. पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान नेहरू नगर निवासी प्रकाश के रूप में हुई है. राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया. साथ ही एफएसल टीम को भी बुलाया लिया गया है. घटनास्थल से जरूरी सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं. पंचानाम कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुटी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस ने बताया कि अज्ञात शव पाए जाने की जानकारी पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं, जो हत्या की ओर इशारा करते हैं. फिलहास पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाल संप्रेक्षण गृह चौकीदार हत्याकांड, पटना और बेंगलुरु से दो फरार आरोपी गिरफ्तार, चौथे आरोपी की तलाश तेज

**बिलासपुर, 22 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित नूतन चौक के बाल संप्रेक्षण गृह में सहायक सह रात्रि चौकीदार नरेंद्र कुमार खाण्डे की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपित विशाल चौबे को पटना और अंकित सिंह को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी दिनेश राठिया को पहले ही प्रयागराज से पकड़ा जा चुका है।



11-12 जुलाई 2024 की दरमियानी रात संप्रेक्षण गृह में बंदियों द्वारा चौकीदार के हाथ-पैर बांधकर, गला घोंटकर और बेरहमी से मारपीट कर इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया था। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर अन्य राज्यों में भेजी गई पुलिस टीमों ने यह सफलता हासिल की है, और अब केवल चौथे व अंतिम फरार आरोपी की तलाश जारी है जिसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूरे मामले का विस्तार से खुलासा कर सकती है।



**रायपुर-** देशबंधु के प्रधान संपादक और देश के लब्धप्रतिष्ठित पत्रकार, लेखक, कवि और चिंतक ललित सुरजन की आज 80वीं जयंती पर देशबंधु एवं हाईवे चैनल परिवार ने पुण्य स्मरण कर पुष्पांजलि दी।



## स्कूल बस की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**मोहला-मानपुर, 22 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** स्कूल बस की चपेट में आने से दो साल की मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घोटिया-भर्रीटोला मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है. सूचना पर दल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ग्रामीणों से चर्चा कर रहे हैं। घटना मानपुर ब्लॉक के खडगांव थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोटिया की है, जहां बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए फ्लॉवर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल की बस पहुंची थी. बस की चपेट में आने से दो साल की युवानसी नरेटी की मौत हो गई।




घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया. वहीं घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोहला भेजा है. वहीं घटना से आक्रोशित सड़क पर चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को पुलिस अधिकारी समझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# कल से पानी ही पानी, कई जिलों में अलर्ट

**रायपुर, 22 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून का कहर जारी है. तेज बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं. राजधानी रायपुर में बुधवार को सुबह से हल्की बारिश हो रही है. तापमान गिरने से राहत मिली लेकिन जलभराव जैसी स्थिति से लोग परेशान हो रहे हैं. मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने जानकारी दी कि प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान को बिलासपुर संभाग के अधिकांश स्थानों में वर्षा हुई. कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान अंबिकापुर में सर्वाधिक तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धमतरी जिले में भी लगातार बारिश हो रही है. यहां भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. बांधों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है. कई जगहों पर जलभराव की समस्या सामने आ रही है. इस बीच बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने तैयार के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है।



प्रदेश में मंगलवार को हुई बारिश के आंकड़े मौसम विभाग ने जारी किए हैं. रायगढ़ में 13 सेंटीमीटर, पेंड्रा में 12, पुसौर, तमनार में 10-10, बरपाली में 9, सारंगढ़, रामचंद्रपुर, मालखरौदा, कुटरू, अकलतरा, बम्हनीडीह, धाभरा, बलौदा, दौरा कोचली में 7-7 सेंटीमीटर, सरसींवा, दर्री, खरसिया, मस्तूरी, वाड्रफनगर, लटोरी, नवागढ़, छिंदगढ़, कापू, अमलीपदर में 6-6, कुकरेल, कोंटा, जांजगीर, रामानुजनगर, जैजैपुर, नारायणपुर, शिवरीनारायण, रामानुजगंज, बारसूर, बरमकेला, पामगढ़, चंद्रपुर, देवभोग, जनकपुर भरतपुर, मरवाही, गीदम में 5-5, सारागांव, रघुनाथ नगर, पचपेड़ी, गादीरास, गिधौरी तुंदरा, भटगांव, पसान, जगरगुंडा में 3-3 सेंटीमीटर वर्षा हुई।

मौसम विभाग के बताया कि मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, हमीरपुर, सीधी, रांची, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक द्रोणिका पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से उत्तर पूर्व अरब सागर तक छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इन सभी मौसम प्रणालियों के कारण आज प्रदेशभर में बारिश का दौर जारी रहने के आसार बन रहे हैं. कुछ स्थानों पर भारी वर्षा के साथ वज्रपात होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इसके अतिरिक्त सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, धमतरी, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर में बारिश होने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह से हो रही बारिश

प्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है. बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में 40-60 किमी की तेज हवाएं चलने और बारिश होने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

CMYK